राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

## सार्वजनिक सूचना

22 जुलाई 2026 / 31 आषाढ़, 1948 (शक)

**विषय: अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (AIAPGET)-2026 में सम्मिलित होने हेतु इंटर्नशिप पूर्ण करने की अंतिम तिथि में विस्तार।**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातकोत्तर आयुष पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (AIAPGET)-2026 का आयोजन कर रही है। AIAPGET-2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 10 जुलाई 2026 की सार्वजनिक सूचना के माध्यम से प्रारम्भ किया गया था तथा आवेदन प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि **30 जुलाई 2026 (रात्रि 09:00 बजे तक)** है।

आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ होने के उपरांत, NTA को अभ्यर्थियों से अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप (Compulsory Rotatory Internship) पूर्ण करने की निर्धारित अंतिम तिथि में विस्तार किए जाने संबंधी बड़ी संख्या में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

**राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (NCISM)** तथा **राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (NCH)** से प्राप्त पत्रों के अनुपालन में **AIAPGET-2026** में सम्मिलित होने की पात्रता हेतु इंटर्नशिप पूर्ण करने की अंतिम तिथि **31 अगस्त 2026 से बढ़ाकर** 31 अक्टूबर 2026 कर दी गई है। यह संशोधन **आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी एवं होम्योपैथी विषयों के अभ्यर्थियों** पर लागू होगा। दिनांक 10 जुलाई 2026 की सार्वजनिक सूचना तथा AIAPGET-2026 के सूचना विवरणिका में उल्लिखित अन्य सभी प्रावधान, पात्रता की शर्तें, परीक्षा कार्यक्रम एवं निर्देश यथावत रहेंगे।

जो अभ्यर्थी AIAPGET-2026 में सम्मिलित होना चाहते हैं, उन्हें उपर्युक्त संशोधन का संज्ञान लेते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की सलाह दी जाती है।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे **AIAPGET-2026** से संबंधित नवीनतम अद्यतनों, सार्वजनिक सूचनाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण घोषणाओं के लिए नियमित रूप से **www.nta.ac.in** तथा https://exams.nta.nic.in/aiapget/ का अवलोकन करते रहें।

किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी NTA हेल्प डेस्क के दूरभाष संख्या 011-40759000 / 011-69227700 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा **aiapget@nta.ac.in** पर ई-मेल भेज सकते हैं।

निदेशक
राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए)